## एक नजर में

### छत्रपति शिवाजी मंडल ने तिलक लगाकर हिंदू नववर्ष की दी शुभकामनाएं



**छिंदवाड़ा।** छत्रपति शिवाजी मंडल ने सभी जिले वासियों को हिंदू नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी और छत्रपति शिवाजी चौक पर सभी को तिलक लगा कर हिंदू नव वर्ष ओर चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दी गई। छत्रपति शिवाजी मंडल के अध्यक्ष अक्षय ओक्टे ने बताया कि मंडल के मार्गदर्शक नरेंद्र पटेल, विक्की सोनी, नरेंद्र माहौरे, राजा कहार, रिंकु मालवी, सदस्य- विशाल सूर्यवंशी, विक्की ठाकरे, मनीष डेहरिया, दादा ठाकुर, मिलन पटेल , मयंक कपाले, अभिषेक दोईफोड़े, अर्चित दाढ़ें, करण कुणाल सभी सदस्य द्वारा आज तिलक लगाया गया।

### राष्ट्रीय विज्ञान कवि सम्मेलन में कवयित्री शेफाली शर्मा का काव्य पाठ आज



**छिंदवाड़ा।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी द्वारा राष्ट्रीय हिंदी विज्ञान सम्मेलन के अंतर्गत 20 मार्च शुक्रवार शाम 6 बजे सीएसआइआर- निस्पर के संयोजन में विज्ञान कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस कवि सम्मेलन में देश की प्रतिष्ठित ख्यात नाम कवि एवं कवयित्री अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। इसी क्रम में छिंदवाड़ा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी में शहर की कवियत्री शेफाली शर्मा अपनी रचनाओं का पाठ करेंगी उनकी इस उपलब्धि पर छिंदवाड़ा साहित्य समाज ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### सांसद ने झूलेलाल जयंती और चेटीचंड पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने जिलेवासियों को झूलेलाल जयंती और चेटीचंड पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी है। अपने शुभकामना संदेश में सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा है कि प्रेम और करुणा के अमर संदेश वाहक भगवान झूलेलाल जी की जयंती पर समस्त सिंधी समाज को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। भगवान झूलेलाल जी सभी के जीवन में खुशहाली और आरोग्य लाएं। चेटीचंड के पावन अवसर पर भगवान झूलेलाल जी से यही कामना है कि वे मानवता की रक्षा करें और हमारे जीवन को ज्ञान व सद्भाव से रोशन करें। यह पावन पर्व आप सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और भाईचारा लेकर आए। भगवान झूलेलाल जी के आशीर्वाद से प्रेम और समरसता सदैव बनी रहे। ईश्वरीय कृपा से आपके घर में सद्भाव, आस्था और आध्यात्मिक संतोष का संचार हो। इस पवित्र अवसर पर भक्ति आपके हृदय में स्पष्टता, साहस और शांति लाए।

### एक पेड़ पौधा के नाम लगाकर टी वर्ड ने किया महिलाओं का सम्मान

**छिंदवाड़ा।** समाज में सक्रिय मातृशक्ति को सम्मान देने और स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से मॉडल फ्यूचर संस्था और टी वर्ल्ड स्कूल के माध्यम से संस्था अध्यक्ष आयशा लोधी के नेतृत्व में टी वर्ल्ड परिसर में प्रेरणा दायक महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर दीपक राज जैन एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती अलका नीरज शुक्ला ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में टी वर्ल्ड स्कूल के संचालक मोहम्मद इस्माइल कुरेशी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ सामाजिक सरोकार से हुआ जिसमें सभी महिलाओं सहित अतिथियों ने पास के पार्क में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके पश्चात पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ सभी ने मिलकर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत एक पौधा रोपित किया। इसके बाद मुख्य अतिथि दीपक राज जैन ने उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और कहा कि ÷जब समाज की मातृशक्ति स्वच्छता और सामाजिक एकता के लिए आगे आती है, तो वह पूरे समाज के लिए प्रेरणा बन जाती है। ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव की नींव रखते हैं। वहीं अलका नीरज शुक्ला ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाएँ समाज की शक्ति और प्रेरणा का स्रोत हैं। उनका सम्मान समाज में सकारात्मक ऊर्जा और जागरूकता को बढ़ावा देता है। इस अवसर पर समाज में सक्रिय और अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मान स्वरूप सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित महिलाओं में प्रमुख रूप से वंदना भटपगार, गुड्डी करपेती, सिमरन सिसोदिया, कीर्ति सोमवार, शिवानी, आकांक्षा सोनी, सोनाली सोन्ननारे, रुचिका शिववंशी, सिंधु धुर्वे, सोमकुमारी, संध्या कुमरे सहित अन्य महिलाएँ शामिल रहीं। कार्यक्रम के अंत में संस्था अध्यक्ष आयशा लोधी ने सभी अतिथियों और उपस्थित महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ÷समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए मातृशक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

---

फर्जीवाड़ा | बगैर रॉयल्टी पंचायत में खनिज की हो रही सप्लाई

# सरपंच-सचिव सहित वेण्डर मिलकर शासन को लगा रहे चूना



**नवभारत न्यूज**

**मोहखेड़, 19 मार्च, अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति की पुकार भी तत्काल सुनने की दुहाई देने वाली भाजपा सरकार केवल ढपोलशंख बजाती है, जबकि मैदानी सच कुछ और ही होता है। मुद्दे की बात यह है कि अफसरों की ड्योढियों में सैकड़ों फरियादी रोज नाक रगड़ते हैं और प्रतिवेदन देते हैं।**

सैकड़ों की तादात में शिकायतें व जांच प्रतिवेदन बस्तों में पड़े धूल खा रहे हैं, लेकिन कोई कार्यवाही करने वाला नहीं है, हद तो तब हो जाती है, जब प्रमाणित भ्रष्टाचार के मामले में अधिकारी निर्णय नहीं कर पाते तो, ऐसी स्थिति में न्याय का सिंहासन डोल जाता है और भ्रष्टाचार पनपता नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार हावी हो जाता है.

#### नहीं है पंचायत में रॉयल्टी

सरकार गांवों में भवन निर्माण, स्टॉप डैम, आरसीसी रोड, नाली निर्माण बनाने पर करोडों रुपये खर्च कर रही हैं, लेकिन भ्रष्टाचार का आलम यह है कि ग्राम पंचायत में सभी निर्माण कार्य मानकों को ताक पर रखकर किया जा रहा है।मोहखेड जनपद कि कुछ ग्राम पंचायतो में निर्माण कार्य में लगे रहे लगभग बिल फर्जी की श्रेणी में आ चुके हैं। ग्राम पंचायत ने स्वतःजानकारी दी कि पंचायत में निर्माण सामग्री में उपयोग हुए खनिज की रॉयल्टी नहीं है। जिसका सीधा तत्पर्य यह है कि या तो पंचायत में कार्य नहीं हुआ या हुआ तो, चोरी का खनिज का उपयोग हुआ, या फिर पंचायत ने फर्जी बिल लगाया है। इस पूरे खेल के मास्टरमाइंड पंचायत सहित जनपद में बैठे जिम्मेदार है।

#### शासन के खजाने में सेंध

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा था कि पंच, सरपंच वह कड़ी है जो हमें सामर्थ्य देगा और हमारे सामर्थ्य से राज्य और देश शक्तिशाली बनेगा। उन्होंने कहा था कि लोकतंत्र में चुनी हुई व्यवस्था ही सबसे ऊपर होती है। उन्होंने कहा था कि केवल निर्माण कार्य करना ही पंचायत का काम नहीं है। उन्होंने कहा था कि जैसे आप सभी अपना परिवार चलाते हैं, अगर उसी प्रकार अपनी पंचायत को चलाएंगे तो विकास जरूर होगा, लेकिन कुछ पंचायतो में विकास के पहियों को ग्रहण लग चुका है, केवल और केवल निमर्माण कार्य पर ध्यान केन्द्रत कर शासन के खजाने में सेंध लगाई जा रही है।

#### कायदों की उड़ रही धज्जियां

जनपद पंचायत मोहखेड की ग्राम पंचायतो में सामूदायिक भवन निर्माण का कार्य प्रगति पर हैं, लेकिन किसी में कोई सूचना पटल नहीं लगाया गया। ये लापरवाही सरपंच, सचिव ने की ये तो सही है, लेकिन सरपंच-सचिव के कार्य की निगरानी के लिये उपयंत्री, पंचायत समन्वयक के साथ जनपद सीईओ इन कार्यों का निरीक्षण करते हैं। उन्होंने भी सूचना पटल की ओर आज तक कोई ध्यान नहीं दिया ये सोचने की बात है। आश्चर्य की बात यह है कि पंचायत में वर्षों से खनिज सामग्री के बिल पास हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदारों ने आज तक रॉयल्टी की जांच नहीं की।

---

### गेंदा, शकरकंद और चुकंदर की खेती से प्रति एकड़ 3 लाख तक कमा रहे चारगांव कर्बल के किसान



**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा, 19 मार्च, किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत शासन द्वारा किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने के लिए अनेक पहल की जा रही हैं। फसल विविधीकरण को बढ़ावा, प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहन, उन्नत तकनीकों का विस्तार, गुणवत्तायुक्त बीज की उपलब्धता तथा किसान उत्पादक संगठनों के माध्यम से विपणन व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। साथ ही किसानों को प्रशिक्षण एवं तकनीकी मार्गदर्शन देकर बाजार आधारित खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है।**

इन्हीं प्रयासों के परिणामस्वरूप जिले के विकासखंड मोहखेड़ का ग्राम चारगांव कर्बल कृषि नवाचार का एक प्रेरणादायक केंद्र बनकर उभर रहा है। यहां के किसानों ने फसल विविधीकरण और प्राकृतिक खेती अपनाकर अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि की है। विशेष रूप से गेंदा फूल की खेती से किसान प्रति एकड़ 2.50 से 3.00 लाख रुपये तक का लाभ अर्जित कर रहे हैं।

किसान रघुवर भादे द्वारा नवरात्रि को ध्यान में रखते हुए लगभग छह माह पूर्व गेंदा की रोपाई की गई थी, जिसका उन्हें वर्तमान में अच्छा लाभ मिल रहा है। उनका गेंदा फूल लगभग 50 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिक रहा है। इसके साथ ही नवरात्रि में शकरकंद की अधिक मांग का लाभ भी किसानों को मिल रहा है।

ग्राम के किसानों ने सूरजमुखी, शकरकंद, चुकंदर, गेंदा एवं जैविक मक्का जैसी फसलों को अपनाकर फसल विविधीकरण का सफल मॉडल प्रस्तुत किया है। किसान शिवलाल भादे द्वारा गेंदा के साथ अंतरवर्तीय फसल के रूप में पर्रास की खेती की जा रही है, जबकि किसान बालकराम भादे प्राकृतिक तरीके से उन्नत तकनीक के साथ चुकंदर की खेती कर रहे हैं। क्षेत्र में राजाभोज फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन एवं गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे किसान आधुनिक तकनीकों को अपनाकर बेहतर उत्पादन और आय प्राप्त कर रहे हैं।

### शहर महिला कांग्रेस की सोनपुर मल्टी में सम्पन्न हुई बैठक



**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा, 19 मार्च, शहर महिला कांग्रेस की सोनपुर मल्टी में एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करने के साथ ही महिलाओं को संगठन से जोड़ने पर चर्चा हुई। शहर के प्रत्येक वार्ड व प्रत्येक घर तक मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं नकुलनाथ के विकास कार्यों को पहुंचाने का संकल्प लिया गया। उपस्थित महिलाओं ने नगर पालिक निगम की अव्यवस्थाओं का जमकर विरोध किया।**

शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती दीपा यादव ने आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए बैठक में उपस्थित महिलाओं को आश्वस्त किया कि आने वाले दिनों में उनकी प्रत्येक समस्याओं के निराकरण के लिए शहर महिला कांग्रेस आवेदन, निवेदन और ज्ञापन सबकुछ करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की नगर सरकार जनता से टैक्स तो भरपूर वसूल रही, किन्तु सुविधाएं शून्य है। इसके लिए कांग्रेस का पार्षद दल सतत रूप से संघर्ष कर रहा है कि भाजपा की प्रदेश सरकार अविलम्ब टैक्स वापस लें। आयोजित बैठक में माया सूर्यवंशी, रोशनी श्रीवास, शालू सारयाम, सुनीता, सुशीला शर्मा, वर्षा डेहरिया, कल्याणी ठाकुर, प्रियंका, आरती दुबे, गीता श्रीवास सहित बड़ी संख्या में महिला पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहीं।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने की मां दुर्गा की आराधना

**छिंदवाड़ा।** चैत्र नवरात्रि की पावन प्रतिपदा के अवसर पर शेषराव यादव ने विधिवत मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने जिले में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। जिलाध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि चैत्र नवरात्रि भारतीय संस्कृति और आस्था का महत्वपूर्ण पर्व है, जो शक्ति, साधना और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। उन्होंने मां भगवती से प्रार्थना की कि सभी नागरिकों के जीवन में खुशहाली आए और जिला निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे। इस अवसर पर उन्होंने समस्त जिलेवासियों को गुड़ी पड़वा एवं हिंदू नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि यह नववर्ष सभी के जीवन में नई आशाएं, ऊर्जा और सफलता लेकर आए।

### वार्ड 8,11,12 मे थ्री लेयर डामरीकृत सड़क निर्माण का हुआ भूमिपूजन

**नवभारत न्यूज**

**अमरवाड़ा, 19 मार्च, वार्ड 08 मे अमित नेमा से मेन रोड एवम वार्ड 11-12 मे आदिवासी चबूतरा से जावेद खान तक डामरीकृत सड़क निर्माण कार्य वार्ड पार्षद श्रीमती नविता विनोद चौरसिया एवं राजेश अहरवार तथा वार्ड वासियों की मांग पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी द्वारा मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद के अंतर्गत 30 लाख रुपए लागत से उक्त दोनों सड़क स्वीकृत की गई है ।**




**आज दोनों सड़को का भूमिपूजन :** नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी विधायक प्रतिनिधि दीपक नेमा विनोद चौरसिया पार्षद श्रीमती नविता चौरसिया राजेश अहरवार अर्पित श्रीवास्तव वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश संतु साहू सुरेश साहू तथा वार्ड वासियों की उपस्थिति में सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन संपन्न हुआ द्य इस अवसर पर भाजपा नेता नितिन तिवारी अमित नेमा सचिन जैन सुनील जैन रक्कु चौरसिया संजय जैन पूर्व पार्षद सुंदर अहिरवार ओम प्रकाश मिश्रा गुड्डू सिसोदिया अजय साहू अभय चौरसिया कांटरेक्टर सोयब खान अंकित नेमा सहित वार्ड वासी उपस्थित रहे।

### आरबीएसके की पहल से मासूम दिव्यांशी को मिला नया जीवन



**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा, 19 मार्च, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के प्रभावी क्रियान्वयन से एक बार फिर एक मासूम की जिंदगी संवर गई। आदिवासी विकासखंड बिछुआ के वार्ड क्रमांक 13 में रहने वाली बालिका दिव्यांशी मिनोटे, जो जन्म से ही गंभीर विकृति फटा तालु (क्लेफ्ट पैलेट) से पीड़ित थी, अब पूरी तरह स्वस्थ होकर मुस्कुरा रही है।**

दिव्यांशी का जन्म 31 मई 2024 को जिला अस्पताल छिन्दवाड़ा में हुआ था। जन्म के बाद से ही उसे स्तनपान करने में परेशानी हो रही थी और दूध नाक से बाहर आ रहा था। नियमित टीकाकरण सत्र के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्र इंदिरा आवास बिछुआ में एएनएम श्रीमती अरूणा फरकारे ने बच्ची की समस्या को पहचाना और तुरंत आरबीएसके टीम को सूचना दी।

आरबीएसके टीम के डॉ. दुर्गेश मराठा एवं एएनएम श्रीमती प्रागवती तुमडाम द्वारा जांच में बच्ची में क्लेफ्ट पैलेट की पुष्टि हुई। इसके बाद उसे तत्काल डीईआईसी छिन्दवाड़ा रेफर किया गया। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से निशुल्क वाहन की व्यवस्था की गई और आशा कार्यकर्ता श्रीमती रहिशा शेख की मदद से बच्ची को पाढर अस्पताल, बैतूल में भर्ती कराया गया।

01 नवंबर 2025 को विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा दिव्यांशी का सफल ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद अब बच्ची पूरी तरह स्वस्थ है, सामान्य रूप से खाना खा रही है और बोलना भी सीख रही है। बच्ची की मुस्कान ने पूरे परिवार को खुशी से भर दिया है।

इस सफल उपचार में प्रभारी डीआईसी मैनेजर डॉ. संदीप कटारिया एवं सीबीएमओ डॉ. निलेश सिडाम का विशेष योगदान रहा। वहीं, डॉ. दुर्गेश मराठा के प्रयासों की भी सराहना की गई।

डॉ. मराठा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि कटे-फटे होंठ एवं तालु जैसी जन्मजात समस्याओं का समय पर इलाज संभव है। उन्होंने बताया कि आरबीएसके के तहत यह उपचार पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध है। सही समय पर सर्जरी होने से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर होता है तथा वे आत्मविश्वास के साथ समाज में आगे बढ़ सकते हैं।

### देवगढ़ में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 का आगाज

#### जनप्रतिनिधि एंव अधिकारियों ने स्वयं फावड़ा उठाकर प्राचीन बावड़ी की सफाई की



**जनपद सीईओ ने आम जनता को किया प्रेरित :** सीईओ श्री करपे ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि नदियाँ और बावड़ियाँ हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा हैं। जिसे केवल हमे जल की एक उपभोग की वस्तु न समझ कर इतेहासिक धरोहर को भी सहजेने पर जोर देना चाहिए इस अभियान के माध्यम से प्रत्येक नागरिक को अपने आसपास के जल स्रोतों को प्रदूषण मुक्त रखने का संकल्प लेना चाहिए इस सांकेतिक सफाई कार्य ने ग्रामीणों में नया उत्साह भरा है। आने वाले दिनों में अभियान के तहत मोहखेड़ क्षेत्र की पंचायत के अन्य जल स्रोतों तथा संरचनाओ के कार्य भी योजनाबद्ध तरीके से 30 जून तक पूर्ण किया जाएगा।

**नवभारत न्यूज**

**मोहखेड़, 19 मार्च, जल स्रोतों के पुनरुद्धार और संरक्षण के संकल्प के साथ आज ग्राम पंचायत देवगढ़ में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 का औपचारिक शुभारंभ किया गया।**

इस विशेष अभियान का उद्देश्य न केवल जल संरचनाओं की सफाई करना है, बल्कि आम जनमानस में जल संचयन के प्रति चेतना जागृत करना भी है।

#### अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने किया श्रमदान

अभियान की शुरुआत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डी. के. करपे के नेतृत्व में हुई। कार्यक्रम में तकनीकी और प्रशासनिक अमले की सक्रिय भागीदारी रही, जिसमें सहायक यंत्री अभिषेक वर्मा और उपयंत्री अजय आगरे ने मौके पर मौजूद रहकर तकनीकी मार्गदर्शन के साथ श्रम दान किया। स्थानीय नेतृत्व के रूप में सरपंच बलदेव धुर्वे, सचिव सुरेश कोडले और ग्राम रोजगार सहायक सुनील पाठे ने ग्रामीणों के साथ मिलकर श्रमदान की कमान संभाली। प्राचीन धरोहर को सहेजने की पहल को आगे बढ़ाते हुए शुभारंभ के अवसर पर ग्राम पंचायत देवगढ़ स्थित प्राचीन बावड़ी को सफाई के लिए चुना गया। ऐतिहासिक जल संरचना से कचरा और गाद निकालने का कार्य सांकेतिक रूप से शुरू किया गया। अधिकारियों ने स्वयं सफाई कार्य में हाथ बंटाकर ग्रामीणों को यह संदेश दिया कि जल स्रोतों की सुरक्षा किसी एक विभाग की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है।

---

निदान | कैश के साथ ही बाजार में दुकानों पर चिल्लर का चलन होता जा रहा समाप्त

# चिल्हर की झंझट खत्म, अब 1 रूपये से लेकर हजारों रुपए का लेन-देन ऑनलाइन

**नवभारत न्यूज**

**मोहखेड़, 19 मार्च, डिजिटल पैमेंट ऑप्शन अब लोगो की आदत में शामिल हो गया है। बदलाव ऐसा आया है कि अब 5 से 10 रूपए के छोटे लेनदेन भी डिजिटल पेंमेंट के जरिये हो रहे है। हालात यह हो गए है कि नगर में एटीएम से राशि की निकासी बीते सालों की तुलना में आधी हो गई है।**

फल व चाय बेचने वालों से लेकर हर छोटे छोटे व्यापारी के पास भी अब ऑनलाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। वही नगर में ऑनलाइन का भुगतान तेजी से बढ़ता जा रहा है। लोग ऑनलाइन भुगतान विभिन्न ऐपों के माध्यम से है। ऑनलाइन भुगतान के लिए सबसे अधिक क्यूआर कोड का उपयोग किया जा रहा है। चाय बेचने वाले से लेकर पान गुमठी, सब्जी बेचने वाले इसका उपयोग कर रहे है नेट बैंकिंग, यूपीआई के माध्यम से खाते में आईएफएससी कोड के माध्यम से राशि ट्रांसफर कर दी जाती है। मोबाइल बैंकिंग, फोन पे, गूगल पे, सहित अनेकों एप के माध्यम से भुगतान किया जा रहा है। दुकानों के अलावा अन्य जरूरी सामग्री की खरीदी करने पर भी ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। इसका नतीजा है कि एटीएम से कैश निकालने वालों की संख्या आधी से भी कम हो गई है।

#### छोटी से लेकर बड़ी दुकानों में ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध

छोटी दुकानों के अलावा बड़ी होटलों, किराना दुकानों, पेट्रोल पंप, बिजली बिल, रिचार्ज आदि सभी के लिए ऑनलाइन की सुविधा है.बाजार चौक सारंगबिहरी के महावीर किराना दुकान संचालक मनोज पाल ने बताया कि दुकान पर कई ग्राहक ऑनलाइन ही भुगतान करते हैं। छोटा से छोटा भुगतान ऑनलाइन हो जाता है। पहले चिल्लर की परेशानी होती थी लेकिन अब इसका झंझट नहीं रहा। वही पान सेंटर संचालक कमलेश चौधरी ने बताया भुगतान के लिए ऑनलाइन की व्यवस्था की है। अधिकांश ग्राहक ऑनलाइन ही भुगतान करते हैं। दुकान के लिए सामान लेने जाते हैं। तो वहां भी ऑनलाइन ही भुगतान कर देते है

#### ऑनलाइन पेमेंट के अनेक फायदे

वही मोहखेड जनरल स्टोर एंव गिफ्ट दुकान संचालक शयामू साहू ने बताया कि ऑनलाइन पेमेंट व्यापारियों के लिए भी बेहद जरूरी हो गया है। आज कल हर बिजनेसमैन अपने प्रोफेशन को ऑनलाइन प्रमोट करता है। ग्राहकों को ऑनलाइन खरीददारी करने के लिए प्रेरित करता है। इसके लिए वह उन्हें आकर्षक उपहार या ज्याद डिसकाउंट देता है। लेकिन ये तभी संभव है जब उसकी साइट पर ऑनलाइन पेमेंट की व्यवस्था हो। इससे उस कंपनी या दुकान की विश्वसनीयता तो बढ़ती ही है साथ ही खर्वे में भी कमी आती है। ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा शुरू होने से बाजार ने तेजी पकड़ी है साथ ही आम लोगों का जनजीवन भी आसान हो गया है। यानी वर्चुअल दुनिया से पैसा यहां से वहां जा रहा है। आप खरीदारी भी कर रहे हैं और सुविधाएं भी पा रहे हैं। यही नहीं घर बैठे तमाम बिलों का भुगतान भी अब आसानी से हो जाता है।

#### घर बैठे हो जाती है शॉपिंग

वही गृहणी अरूणा तिलंते ने बताया कि अब ऑनलाइन शॉपिंग की सुविधा होने के कारण घर बैठे मनचाही शॉपिंग अनेक ऐपों के जरिए कर सकते हैं। यही नहीं, अगर सामान पसंद नहीं आया तो उसे ऑनलाइन ही वापस करने का भी विकल्प होता है। पैसा अपने आप आपके खाते में कुछ दिनों बाद वापस आ जाता है। साथ ही ऑनलाइन पेमेंट ने रुपयों की लूट या पर्स खोने के खतरे को भी कम दिया है। अगर किसी का भुगतान करना हो तो अब आपको अपना वॉलेट या रुपये लेकर जाने की जरूरत नहीं। घर बैठे ही इंटरनेट के इस्तेमाल से ऑनलाइन भुगतान किया जा सकता है।

**समय और मेहनत की बचत :** वही कालेज छात्र जितेंद सोनी ने बताया कि ऑनलाइन पेमेंट ने हमें जो सबसे फायदेमंद चीज दी है वह है समय की बचत। समय की बचत के अलावा ऑनलाइन पेमेंट से हमारी मेहनत की भी बचत होती है और हम कम समय में ज्यादा काम कर पाते हैं। इस काम को और भी आसान बनाया है आज के स्मार्टफोन्स ने। स्मार्टफोन्स की वजह से हम कोई भी पेमेंट या बिल का भुगतान कम समय में ज्यादा तेजी से कर लेते हैं। स्मार्टफोन्स के जरिए हम कोई भी खरीददारी घर बैठे किसी भी कार्ड चाहे वो क्रेडिट कार्ड हो या डेबिट या कैश ऑन डिलीवरी कर सकते हैं।